उच्च शिक्षा को समर्पित

A. K. COLLEGE
SHIKOHABAD
1916

योगः कर्मसु कौशलम्

स्थापित वर्ष
1916

# आदर्श कृष्ण महाविद्यालय


Address: Railway Stn., Shikohabad-283141, Distt.(Firozabad, U.P.)
Aided by U.P. Govt., Recognised By N.C.T.E.

**Affiliated to: Dr. B.R.A. University, Agra**

शिकोहाबाद–283141 (उ.प्र.)





## विवरण पुस्तिका
## Prospectus | 2026-27


मूल्य– 400/–


05676-234416

# महाविद्यालय संस्थापकों में अग्रणी




''स्व. चौ. श्याम सिंह जी यादव''
(पूर्व जमींदार, उरावर स्टेट)



''स्व. श्री कामता सिंह जी यादव''
(पूर्व जमींदार, भारौल स्टेट)



''स्व. श्री गजराज सिंह जी यादव''
(पूर्व जमींदार, रूपधनी स्टेट)



**श्री राम शंकर (सचिव)**



**प्रो. (डॉ.) दीदार सिंह (प्राचार्य)**

सन् १९१६ में स्थापित नगर के प्राचीनतम्, प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण, आदर्श कृष्ण महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र २०२६-२७ में विभिन्न संकायों में प्रवेश लेने वाले समस्त छात्र-छात्रओं का एवम् उनके अभिभावकों का हार्दिक स्वागत है, उनको हार्दिक बधाई है। शिक्षा मानव समाज के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। मानव को विवेकशील, संस्कारवान बनाकर शिक्षा निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देती है। किसी भी सभ्य समाज के अनुभूत सत्य की साक्षी शिक्षा ही है। शिक्षा जगत में सूचना एवम् संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग, अध्ययन-अध्यापन की अधिकांश क्रियाओं में किया जाने लगा है।

कठोर परिश्रम, शिक्षा के प्रति गहन लगन, समय प्रबन्ध के माध्यम से आप उन सभी उपलब्धियों को प्राप्त कर सकते हैं जिनको पाने के लिए आपके माता-पिता आशान्वित हैं। हमें विश्वास है कि हमारे सभी छात्र एवम् छात्रयें प्रबुद्ध एवम् विविध कौशलों से परिपूर्ण सभ्य नागरिक बनेंगे और आगे आने वाले समय में समाज और देश के विकास में यथासम्भव सक्रिय योगदान देकर मानव जीवन को सफल बनायेंगे।

हमें यह भी विश्वास है कि सभी शिक्षकगण अपनी विवेकशीलता, शैक्षणिक कुशलता को आधार बनाकर वर्तमान समय की आवश्यकतानुसार, नई शिक्षा नीति के सन्दर्भ में ज्ञान-प्रवाह की अविरल धारा को प्रवाहित करने का सर्वोच्च प्रयास करेंगे।

# महाविद्यालय : एक संक्षिप्त परिचय

अहीर क्षत्रीय महासभा उत्तर प्रदेश द्वारा 1916 में स्थापित अहीर क्षत्रीय प्राथमिक विद्यालय तथा अहीर क्षत्रीय कॉलेज, शिकोहाबाद के विकास में जनपद फिरोजाबाद की उराबर व भारौल स्टेट तथा एटा के रूपधनी स्टेट के शिक्षा प्रेमी पूर्व जमींदारों की अग्रणी भूमिका रही थी। इसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल के निवासियों को शिक्षित करना था। तद्नुसार यह संस्था अपने समर्पित संस्थापकों की भावना के अनुरूप शिक्षा प्रदान करती रही है। शिक्षा के क्षेत्र में शिकोहाबाद की प्रसिद्धि का श्रेय इसी संस्था को प्राप्त है। महाविद्यालय शिकोहाबाद नगर के मुख्य मार्ग स्टेशन रोड तथा निचली गंगा नहर के तट पर अत्यन्त सुरम्य एवं प्राकृतिक सुषमा से पूरित वातावरण में स्थित है। यह महाविद्यालय पढ़ाई के मामले में हमेशा अव्वल रहा है।

सन् 1916 में स्थापित इस संस्था ने 1922 में जूनियर विद्यालय, 1927 में हाईस्कूल, 1942 में इण्टरमीडिएट, 1947 में स्नातक एवं 1983 में स्नातकोत्तर स्तर को प्राप्त किया है। डॉ. बी.आर.ए. विश्वविद्यालय, आगरा से सम्बद्ध इस महाविद्यालय में छह संकाय है। वर्तमान में यह महाविद्यालय शैक्षिक गतिविधियों एवं उच्चस्तरीय विकास उपलब्धियों के कारण शिक्षा जगत में प्रमुख स्थान रखता है।

यह महाविद्यालय कला, वाणिज्य, कृषि, शारीरिक शिक्षा एवं शिक्षक शिक्षा संकायों में सम्बद्ध है। महाविद्यालय में कला संकाय में एम.ए. भूगोल, राजनीतिशास्त्र, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, सैन्य अध्यापन तथा स्नातक स्तर पर अंग्रेजी साहित्य, हिन्दी साहित्य, संस्कृत, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, समाजशास्त्र, सैन्य अध्ययन, शारीरिक शिक्षा एवं दर्शनशास्त्र तथा वाणिज्य संकाय में एम.कॉम. व्यवसाय प्रबन्ध, लेखा एवं विधि तथा व्यवहारिक व्यावसायिक अर्थशास्त्र तथा स्नातक स्तर पर अनिवार्य विषयों के साथ उच्चतर लेखा एवं अंकेक्षण में पठन-पाठन की व्यवस्था है।

शिक्षा संकाय में एम.एड. तथा बी.एड. कक्षाओं की सम्बद्धता प्राप्त है। बी.एड. के आवश्यक प्रश्न-पत्रों के अतिरिक्त यहाँ हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, नागरिकशास्त्र, भूगोल, इतिहास, विज्ञान, जीवविज्ञान, गणित एवं वाणिज्य विषयों में शिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। बी.टी.सी. तथा बी.पी.एड. में शिक्षण और प्रशिक्षण की सम्बद्धता तथा सुविधा उपलब्ध है तथा बी.एस.सी. (कृषि) संकाय की कक्षायें जुलाई 2014 से संचालित हैं।

महाविद्यालय में छात्रों के शिक्षण एवं मार्ग-निर्देशन के लिए योग्य, कर्मठ एवं अनुभवी शिक्षक कार्यरत है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों में उच्चस्तरीय शोध कार्य की व्यवस्था है।

छात्रों के लिए सुव्यवस्थित अध्यापन कक्षों, कम्प्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास रूम, कॉन्फ्रेन्स रूम, खेलकूद के मैदान, जिम, पुस्तकालय, छात्रावास आदि की व्यवस्था है। विगत वर्षों में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ विश्वविद्यालय एवं प्रदेश स्तर पर शिक्षा एवं क्रीड़ा विषयक अपनी -अपनी योग्यताओं के मापदण्ड स्थापित करते रहे हैं।

महाविद्यालय में शैक्षिक सुविधाओं के अतिरिक्त शिक्षणेत्तर क्रियाएँ निरन्तर चलती रही हैं। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के समग्र एवं समुचित विकास के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिताओं, कवि सम्मेलनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, निबन्ध एवं कविता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। छात्रों के लेख आदि महाविद्यालय की पत्रिका 'साधना' में प्रत्येक वर्ष छापे जाते हैं। महाविद्यालय में एन.सी.सी., एन.एस.एस. तथा रोवर्स रेंजर्स की समुचित व्यवस्था है। 5 यू.पी.एन.सी.सी. बटालियन शिकोहाबाद कार्यालय (2014 से) कालेज कैम्पस में स्थापित है।

महाविद्यालय के पास लगभग 100 कक्षों का विशाल भवन है। शिक्षण कक्षों के अतिरिक्त विभागीय कक्षों तथा प्रयोगात्मक विषयों के लिए प्रयोगशालाओं की पृथक-पृथक व्यवस्था है। यू.जी.सी. ग्रान्ट से निर्मित आधुनिक उपकरण एवं फर्नीचर युक्त स्मार्ट क्लास रूम, कम्प्यूटर लैब, कॉन्फ्रेन्स हॉल, सेमीनार हॉल, कन्वेन्शन हॉल व महिला कक्ष उपलब्ध हैं।

महाविद्यालय में महिला एवं पुरुष छात्रावास की अलग-अलग सुविधा उपलब्ध है। पानी की सुव्यवस्था हेतु 40000 गैलन क्षमता युक्त ओवरहैड टैन्क है तथा बिजली की निरन्तर आपूर्ति हेतु 10 केवी, 15 केवी तथा 30 केवी क्षमता युक्त किर्लोस्कर जैनसेट उपलब्ध है। अनुशासन व्यवस्था हेतु महाविद्यालय परिसर में सी.सी.टी.वी. कैमरा लगे हुये हैं।

पुस्तकालय में एक वाचनालय की भी व्यवस्था है। जिसमें दैनिक समाचार-पत्रों के साथ-साथ साप्ताहिक, वार्षिक एवं मासिक पत्रिकाएँ उपलब्ध रहती हैं, जिनसे छात्र नवीनतम् जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित होते हैं। पुस्तकों की संख्या में प्रतिवर्ष वृद्धि हो रही है। पुस्तकालय में 'बुक बैंक योजना' की सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसके अन्तर्गत निर्धन वर्ग के छात्रों को पुस्तकों के मूल्य का 10 प्रतिशत जमा करने पर पूरे सत्र के लिए पाठ्य-पुस्तकें प्रदान की जाती हैं। प्राप्त पुस्तकों को विश्वविद्यालय परीक्षा प्रवेश-पत्र प्राप्त करने से पूर्व जमा करना होता है।

# विशिष्ट सूचनाएँ

(1) जिन विषयों में शैक्षिक भ्रमण आवश्यक है, उन विषयों के विद्यार्थियों को भ्रमण शुल्क प्रवेश के समय ही जमा करना होगा, जिसका उपयोग केवल शिक्षा कैम्प पर ही होगा।

(2) प्रत्येक वर्ग की प्रथम वर्षीय कक्षाओं में विषय-प्रवेश समिति के निर्देशानुसार दिये जायेंगे, क्योंकि प्रत्येक विषय के स्थान सीमित हैं।

(3) विषय परिवर्तन की अनुमति सामान्यतः नहीं दी जा सकेगी।

(4) यदि आप अनुसूचित जाति से सम्बन्धित हैं तो अपनी जाति का प्रमाण-पत्र मूल रूप से अपने साथ अवश्य लायें ताकि केवल प्रवेश शुल्क जमा कर प्रवेश प्राप्त कर सकें। छात्रवृत्ति के लिए आवश्यक है कि वह लेखा विभाग द्वारा निर्धारित आवेदन-पत्र दो प्रतियों में साफ एवं पूर्णतः भरकर सत्यापित जाति प्रमाण-पत्र, प्रवेश शुल्क की रसीद, उत्तीर्ण परीक्षा की अंकतालिका, चरित्र प्रमाण पत्र तथा पिता/अभिभावक के मूल आय प्रमाण पत्र के साथ ऑन लाइन जमा करें अन्यथा छात्रवृत्ति नही मिल सकेगी। छात्रवृत्ति का भुगतान किसी भी राष्ट्रीय कृत बैंक में खोले गये खाते में शासन द्वारा सीधे भेजा जायेगा। छात्रवृत्ति हेतु उ.प्र. शासन द्वारा सम्बन्धित छात्र की कक्षा में 75% उपस्थिति अनिवार्य की गई है।

(5) बी.एड., एम.एड., बी.टी.सी. तथा बी.पी.एड. के ऐसे प्रवेशार्थी जिन्हें अतिरिक्त अंक (Credit Mark) प्राप्त हुए हैं या किसी विशिष्ट कोटि के अन्तर्गत प्रवेश हुआ है, उसकी पुष्टि हेतु प्रमाण-पत्र प्रवेश के समय ही दिखाना होगा।

(6) विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से विभिन्न कम्पनियों/संस्थाओं से सम्पर्क कर कैम्पस सलेक्शन कराये जाते है तथा विशेषयों को बुलाकर व्यवसाय एवं रोजगार परक जानकारी उपलब्ध कराई जाती है।

(7) उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों का हमारे अनुभवी शिक्षक निःशुल्क मार्ग दर्शन करते है।

(8) प्रत्येक विद्यार्थी को विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क तथा नवीन छात्रों को नामांकन शुल्क भी आवश्यक रूप से जमा करना होगा।

(9) यदि छात्र सत्र के बीच में अध्ययन छोड़ना चाहता है तो उसके द्वारा जमा प्रवेश एवं परीक्षा शुल्क वापस नहीं होगी।

(10) स्नातक कक्षाओं के छात्र/छात्रायें एन.सी.सी., एन.एस.एस. एवं रौवर्स/रैन्जर्स में से किन्ही दो का चयन कर सकता है।

(11) छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में निर्धारित पोशाक (ड्रेस) में आना आवश्यक है तभी फीस जमा होगी।
छात्रों के लिए-(कला, वाणिज्य, शारीरिक शिक्षा व कृषि) सफेद शर्ट, सादा काली पेण्ट व सादा रेडीमेड नेवी ब्लूबूलन वीयर।
छात्राओं के लिए - सफेद कुर्ता, सफेद पाजामी, नेवी ब्लू दुपट्टा एवं सादा रेडीमेड नेवी ब्लू बूलन वीयर।
छात्राध्यापकों (बी.एड., एम.एड. व बी.टी.सी.) के लिए- सफेद कमीज, नेवी ब्लू पेंट, सफेद मोजे, काले जूते व सादा रेडीमेड नेवी ब्लू बूलन वीयर।
छात्राध्यापिकाओं (बी.एड, एम.एड. एवं बी.टी.सी.) के लिए- नेवी ब्लू बोर्डर युक्त सफेद साड़ी, नेवी ब्लू ब्लाउज, नेवी ब्लू बूलन वीयर

(12) बी.एड., बी.टी.सी. के छात्र स्काउटिंग व गाइडिंग के शिविर के समय निम्नलिखित पोशाक पहनकर आयेंगे-
छात्राध्यापक- सिलेटी कमीज, नेवी ब्लू पेण्ट, सफेद जूते व मोजे एवं सादा रेडीमेड नेवी ब्लू बूलन वीयर।
छात्राध्यापिका - गहरी नीली साड़ी, सफेद ब्लाउज।

(13) महाविद्यालय परिसर में वाहन खड़े करने वाले छात्र वाहन का पंजीकरण करा लें। महाविद्यालय परिसर में वाहन स्टैण्ड के अतिरिक्त अन्य स्थान पर वाहन खड़ा न कर सकेंगे।

(14) बी.एड., एम.एड., बी.टी.सी., बी.पी.एड. एवं बी.एस.सी. (कृषि) में बाहरी जनपदों के प्रवेशार्थियों को महिला एवं पुरूष छात्रावास में कमरा लेना अनिवार्य है।

(15) बी.एड. के छात्र शिक्षण अभ्यास के दौरान सम्बन्धित विद्यालय की समय सारणी के अनुसार अपने को समायोजित करेंगे।

(16) फीस जमा करने के बाद छात्र स्वयं समय-सारिणी के अनुसार न्यूनतम 75% कक्षाओं में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगें।

(17) छात्र प्रवेश के समय परिचय-पत्र बनवा लें। बिना परिचय-पत्र के महाविद्यालय में प्रवेश निषिद्ध है।

(18) नामांकन आवेदन पत्र (Enrolment Form) पर छात्र/छात्रायें के स्पष्ट हस्ताक्षर हिन्दी व अंग्रेजी दोनों में होना अनिवार्य है।

(19) विविधता में एकता, समानता, समावेशन एवं सह अस्तित्व के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने के लिए अनु.जाति, अ.ज.जाति, पिछडी जाति, महिलायें, विकलाँग, अल्पसंख्यक तथा आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के अर्हताधारी सभी छात्रों को प्रवेश दिया जाता है, अतः प्राचार्य से सम्पर्क अवश्य करें।

## डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय द्वारा लागू एवं महाविद्यालय द्वारा अनुपालित प्रवेश संबन्धी नियम

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत

## स्नातक/चार वर्षिय स्नातक/परास्नातक कार्यक्रमों की संरचना

## यह सभी व्यवस्थायें सत्र 2026–27 से स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेशित छात्र/छात्राओं पर ही लागू होगी।

1. त्रिवर्षीय बहुविषयक स्नातक स्तर पर विभिन्न विषयों के न्यूनतम समान पाठ्यक्रम *(Minimum Common syllabubs)* पूर्व में ही उपलब्ध है। वह आगे भी लागू रहेंगे।
   चार वर्षिय स्नातक कोर्स का पाठ्यक्रम
2. स्नातक के तीन वर्ष परास्नातक के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम को जोडकर माना जायेगा।
   नोट– प्रथक से पाठ्यक्रम बनाने की आवश्यकता नही होगी।

**मुख्य (मेजर) विषय तथा माइनर विषय के इलेक्टिव पेपर**

3. प्रारंभ में विद्यार्थियों का प्रवेश तीन वर्ष की बहुविषयक स्नातक डिग्री हेतु होगा।
4. चौथे वर्ष में विद्यार्थी चार वर्ष की स्नातक (मानद), स्नातक (मानद शोधसहित) एवं स्नातक (अप्रेंटिसशिप एंबेडेड) डिग्री में से किसी एक का चयन कर सकते हैं।
5. विद्यार्थी को प्रवेश के समय बी.ए., बी.एस.सी. और बी. कॉम में से किसी एक पाठ्यक्रम का चयन करना होगा। और उसे पाठ्यक्रम के दो मुख्य *(Major)* विषयों का चयन करना होगा। इसी पाठ्यक्रम में विद्यार्थी को डिग्री मिलेगी।
6. पाठ्यक्रम के चयनित विषयों का अध्ययन वह तीन/चार वर्ष (प्रथम से छठे /अष्टम सेमेस्टर) तक कर सकता है।
7. चार वर्षीय स्नातक (मानद) एवं स्नातक (मानद शोध सहित) डिग्री के लिए चतुर्थ वर्ष में विद्यार्थी अपने दो मेजर विषयों में से किसी एक विषय (जिसका अध्ययन विद्यार्थी ने अनिवार्य रूप से पूर्व के तीन वर्षों छः सेमेस्टर में किया है) का चयन करेगा तथा सप्तम एवं अष्टम सेमेस्टर में भी इस विषय को पढ़ेगा।
8. त्रिवर्षीय स्नातक के अध्ययन के पश्चात चार वर्षीय डिग्री के लिए विद्यार्थी को उस विषय में परास्नातक में नया प्रवेश लेना होगा, जो विश्वविद्यालय में प्रचलित प्रवेश प्रक्रिया के अनुरूप पर स्नातक की उपलब्ध सीटों पर किया जाएगा।
9. तीन वर्षीय स्नातक के पश्चात विद्यार्थी किसी नए विषय में परास्नातक में प्रवेश ले सकता है, परंतु एक वर्ष की परास्नातक/चतुर्थ वर्ष की पढ़ाई के बाद उसे कोई डिग्री अथवा डिप्लोमा नहीं मिलेगा। परास्नातक के दो वर्ष पूर्ण एवं उत्तीर्ण करने पर ही उसे उसे विषय में परास्नातक की डिग्री मिलेगी।
10. विद्यार्थी द्वारा तीसरे विषय (माइनर विषय) का चयन बहुविषयकता के लिए किसी भी अन्य संकाय से विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय में सीट उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा।
11. तीसरे माइनर विषय का कोर्स किसी भी विषय का इलेक्ट्रिक पेपर 6 क्रेडिट का होगा, ना की पूर्ण विषय (इस कोर्स के चुनाव में *Pre-requisite*) का ध्यान रखा जाना आवश्यक नहीं है।)
12. विश्वविद्यालय अपने स्तर पर यह निर्धारित कर सकता है कि कौन सा *Course Minor Subject* के रूप में दिया जा सकता है।
13. विश्वविद्यालय आवश्यकता अनुसार माइनर पेपर स्किल कोर्स के लिए SWAYAM पोर्टल एवं अन्य मान्यता प्राप्त ऑनलाइन संस्थाओ की वेबसाइट पर उपलब्ध कोर्स की सूची बनाकर संस्तुत कर सकता है।
14. उक्त अनुसार सस्तुत कोर्स का अध्ययन विद्यार्थी *SWAYAM* एवं अन्य मान्यता प्राप्त संस्थाओं की वेबसाइट से निःशुल्क कर सकता है तथा विश्वविद्यालय इसकी परीक्षा माइनर पेपर के साथ कराएगा।
15. यदि विद्यार्थी उक्त कोर्स को SWAYAM अथवा अन्य मान्यता प्राप्त ऑनलाइन संस्थाओं से परीक्षा देकर उत्तीर्ण करता है, तो वह इसका सर्टिफिकेट अपने महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय में जमा करेगा।
16. *N.C.C.* को शासनादेश संख्या–1815/सत्तर–3–2021–16(26)/2011, दिनांक 09.08.2021 में वर्णित व्यवस्था अनुसार माइनर विषय के क्रेडिट प्रदान किये जा सकते हैं।

**कौशल विकास कोर्स *(Vocational/Skill Development Course)***

17. स्नातक स्तर के प्रत्येक विद्यार्थी को प्रथम दो वर्षों (प्रथम तीन सेमेस्टर) के प्रत्येक सेमेस्टर में तीन क्रेडिट का एक कौशल कोर्स (3*X*3–9 क्रेडिट के कुल तीन पाठ्यक्रम) करना अनिवार्य होगा।
18. उक्त कौशल कोर्स पूर्व में निर्गत प्रावधानों के अनुसार संचालित किए जाएंगे।
19. यदि विद्यार्थी *UGC/PMKVY* 4.0/ केंद्र/राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था से तीन या उससे अधिक अधिक क्रेडिट का कोई ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन कौशल विकास कोर्स करता है, तो उसे उतने ही क्रेडिट प्रदान किए जाएंगे स्नातक के लिए कुल 9 क्रेडिट अर्जित करना आवश्यक है।
20. विद्यार्थी अधिकतम 9 क्रेडिट (एक साथ अलग–अलग) को कम अथवा अधिक समय में पूरे कर सकते हैं।

**सह पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम कोर्स *(Co-curricular Course)***

21. स्नातक स्तर के प्रत्येक विद्यार्थी को प्रथम दो वर्ष (चार सेमेस्टर) के प्रत्येक सेमेस्टर में 2 क्रेडिट का एक सह–पाठचार्य पाठ्यक्रम कोर्स करना अनिवार्य होगा, अर्थात कुल 8 क्रेडिट अर्जित करने होंगे।
22. इन Co-curricular Course की परीक्षा ऑब्जेक्टिव क्वेश्चन पेपर के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा कराई जाएगी।
23. इसमें उत्तीर्ण प्रतिशत वही होगा जो मुख्य व माईनर विषय के पेपर्स में होगा तथा इनमें प्राप्त ग्रेड को सीजीपीए की गणना में सम्मिलित किया जाएगा।

**सह–पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम कोर्स *(Co-curricular Course)* के नाम**

- प्रथम सेमेस्टर में– प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (*First aid and Basic Health*)
- द्वितीय सेमेस्टर में–मानवीय मूल्य एवं पर्यावरण अध्ययन (Human Values and Environment Studies)
- तृतीय सेमेस्टर में–शारीरिक शिक्षा एवं योग (Physical Education & Yoga) का अध्ययन किया जाएगा जिनके पाठ्यक्रम पूर्ण में संचालित हैं।
- चतुर्थ सेमेस्टर में एक भारतीय अथवा स्थानीय भाषा तथा यूजीसी द्वारा बनाए गए ''सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सम सामुदायिक सहभागिता (Social Responsibility and Communnity Engagement)'' पाठ्यक्रम अनिवार्य रूप से चलाया जाएगा।

*Note:* – भारतीय भाषा को मुख्य विषय में लेने वाले विद्यार्थी सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सामुदायिक सहभागिता पाठ्यक्रम का अध्ययन करेंगे तथा अन्य विद्यार्थी भारतीय स्थानीय भाषा का अध्ययन अथवा सामाजिकउत्तरदायित्व एवं सामुदायिक सहभागिता पाठ्यक्रम का चयन करेंगे जिसका पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा स्थानीय भाषा के दृष्टिगत तैयार किया जाएगा।

**शोध परियोजना (*Research Project*)**

24. स्नातक स्तर पर द्वितीय वर्ष (चतुर्थ सेमेस्टर) में विद्यार्थी अपने द्वारा चयनित दो मुख्य विषयों में से किसी एक विषय से संबंधित 3 क्रेडिट की एक शोध परियोजना करेगा।
25. विद्यार्थी स्नातक स्तर पर द्वितीय वर्ष के पक्ष की गई शोध परियोजना की प्रोजेक्ट रिपोर्ट अपने विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय में जमा करेगा।
26. स्नातक (मानद शोध सहित) अथवा परास्नातक प्रथम वर्ष के दोनों सेमेस्टर में से विद्यार्थी 4–4 क्रेडिट के दो कोर्स के स्थान पर एक शोध परियोजना ले सकता है।
27. यह शोध परियोजना एक सप्तम एवं एक अष्टम सेमेस्टर के थ्योरी कोर्स के स्थान पर लेनी होगी ना कि किसी एक सेमेस्टर के दो कोर्स के स्थान पर ।
28. चतुर्थ वर्ष में शोध सहित उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी को (स्नातक मानद शोध सहित) की उपाधि दी जाएगी।
29. स्नातक चतुर्थ वर्ष में बिना शोध परियोजना उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी को स्नातक (मानद) की उपाधि दी जाएगी
30. स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष उच्च्च शिक्षा का पंचम वर्ष में अनिवार्य रूप से एक शोध परियोजना करनी होगी जो की एक नवम एवं दशम सेमेस्टर में 4–4 क्रेडिट की होगी।
31. शोध परियोजना एक शिक्षक सुपरवाइजर के निर्देशन में पूर्ण की जाएगी। सुपरवाइजर के रूप में एक अन्य विशेषज्ञ को किसी उद्योग कंपनी तकनीकी संस्थान शोध शिक्षण संस्थान से लिया जा सकता है।
32. यह शोध परियोजना इंटरडिसीप्लिनरी / मल्टीडिसीप्लिनरी भी हो सकती है। यह शोध परियोजना औद्योगिक प्रशिक्षण/इंटर्नशिप /सर्वे वर्क इत्यादि के रूप में भी हो सकती है।
33. स्नातक (मानक शोध सहित) / स्नातकोत्तर स्तर पर विद्यार्थी वर्ष के अंत में दोनों सेमेस्टर में से की गई शोध परियोजना की रिपोर्ट/शोध–प्रबंध अपने विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय में जमा करेगा।
34. सभी स्नातकोत्तर कार्यक्रम शोध परियोजनाओं का मूल्यांकन सुपरवाइजर एवं विश्वविद्यालय द्वारा नामित बाह्य परीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से 100 (75 शोध–प्रबंध + 25 शोध–पत्र) अंको में किया जायेगा।
35. विद्यार्थी अपनी इस शोध परियोजना में से पेटेंट प्रशासन अथवा शोध–पत्र अथवा बुक चौप्टर (ISBN) स्नातकोत्तर कार्यक्रम के दौरान प्रकाशित करायेगा।
36. 25 अंक पेटेंट अथवा शोध पत्र अथवा बुक चौप्टर पर ही दिए होंगे।
37. पेटेंट अथवा शोध–पत्र अथवा बुक चौप्टर ना होने पर प्राप्तांक अधिकतम 75 अंक ही देय होंगे पूर्णांक अधिकतम 75 ही होंगे।
38. दो राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार / संगोष्ठी में पेपर प्रजेंट करने पर भी 25 अंक दिए होंगे प्रतिभाग करने पर नहीं।
39. पेटेंट/शोध–पत्र/बुक चौप्टर का प्रकाशन सुपरवाइजर तथा कई विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से भी करने पर मान्य होगा।
40. स्नातक, स्नातक (मानद शोध सहित) स्नातकोत्तर एवं पी.जी.डी. आर. के विद्यार्थियों की ग्रेड शीट पर शोध परियोजना के प्राप्तांगों पर आधारित ग्रेड अंकित होंगे तथा उन्हें CGPA की गणना में भी सम्मिलित किया जाएगा।

**क्रेडिट एवं क्रेडिट निर्धारण**

41. क्रेडिट निर्धारण पूर्व की भांति ही रहेगा।
42. क्रेडिट संबंधित कार्य ABC (Academic Bank of Credits) के माध्यम से किए जाएंगे, जिसके दिशा–निर्देश प्रथक से समय–समय पर जारी किए जाते हैं।

**ग्रेडिंग प्रणाली**

43. FYUGP (20 क्रेडिट) के अनुसार परिवर्तित करते हुए पूर्व की भांति ही रहेगा

**सतत आंतरिक एवं विश्वविद्यालय द्वारा मूल्यांकन**

44. मुख्य एवं माइनर विषयों के केवल थ्योरी पेपर्स में 25 अंक का सतत आंतरिक मूल्यांकन अनिवार्य होगा।
45. प्रयोगात्मक वोकेशनल / स्किल को–करिकुलर तथा शोध परियोजना के कोर्सेज में CIE नहीं कराया जाएगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इन कोर्सेस की परीक्षा 100 अंकों के आधार पर होगी।
46. सतत आंतरिक मूल्यांकन (CIE) के लिए किसी भी प्रकार की केंद्रीयकृत महाविद्यालय स्तर पर Mid-Term परीक्षाएं आयोजित नहीं किया की जाएगी। यह एक सतत प्रक्रिया है।
47. सतत आंतरिक मूल्यांकन Project, Quiz, Practical, Student Parliament, Extempore, Seminar, Puzzle, Survey, Screenplay, Exhibition, Role Play, Internal Test, Book Review, Essay, Fair, Visit आदि के द्वारा ही दिया जा सकता है
48. विद्यार्थी के सतत आंतरिक मूल्यांकन के अंक प्रदान करने के लिए पाठ्यतर गतिविधियों (Extra-curricular Activities, Study tour, Sports, Outreach activity, Social Service etc-) का उपयोग भी किया जा सकता है।

**पाठ्यक्रम संकाय एवं विषय सूची**

49. विद्यार्थी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के समय सर्वप्रथम पाठ्यक्रम का चयन करेगा यथा बीए बीएससी बीकॉम उसके बाद विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम के अनुसार दो मुख्य विषयों तथा विषय एक एवं विषय दो का चयन करेगा.
50. इस क्रम में विश्वविद्यालय महाविद्यालय विद्यार्थियों द्वारा चयनित तीसरे मानव विषय का आवंटन राष्ट्रीय नीति के अंतर्गत बहु विषयकता के प्रावधान को ध्यान में रखते हुए किसी भी अन्य संकाय से विश्वविद्यालय महाविद्यालय में सीट उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा।

## तालिका–01

| महाविद्यालय में B.A. के विषय | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ***Faculty Wise Subject:*** | | | | |
| ***Faculty of Indian Language*** | ***Faculty of Foreign Language*** | ***Faculty of Arts, Humanities and Social Sciences*** | ***Faculty of Performing Arts*** | ***Faculty of Rural Science*** |
| हिन्दी (Hindi) | | शारीरिक शिक्षा Physical Education | | |
| अंग्रेजी (English) | | अर्थशास्त्र Economics | | |
| संस्कृत (Sanskrit) | | दर्शनशास्त्र Philosophy | | |
| | | राजनीति विज्ञान Political Science | | |
| | | सैन्य अध्ययन DSST/ Military Science | | |
| | | भूगोल Geography | | |
| | | समाज शास्त्र Sociology | | |

नोट– आदर्श कृष्ण महाविद्यालय की समय सारिणी एवं आन्तरिक व्यवस्था के अनुसार निम्नलिखित विषयों को साथ लेने की अनुमति नही होगी।

1. राजनीति शास्त्र के साथ संस्कृत
2. अर्थशास्त्र के साथ दर्शनशास्त्र
3. अंग्रेजी के साथ समाजशास्त्र

## तालिका–02

| B. Com | |
|---|---|
| **Faculty of Commerce** | **Faculty of Vocational Commerce** |
| Major -1 | Foreign Trade |
| Major – 2 | Sales Promotion and Adverting |
| Major - 3 | Principles of Insurance |

## Uttar Pradesh NEP-2020 UG-PG Course Structure Aligned with FYUGP of UGC

Table -3

(To be in effect from 2026-27 Session)

| Cumulative minimum credits Required for Award of Certificate / Diploma/ Degree | | | Subject -1 | Subject -2 | Subject -3 | Vocational Skill Enhancement courses (SEC) with summer Internship | Co-curricular ability / Enchantment courses (AEC) | Research Project/ Dissertation / Internship/ field or Survey Work | Minimum Credits for the Year |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Major (Core) | Major (Core) | Minor (Multidisciplinary) | Minor | Minor | Major | |
| | | | 4/5/6 Credits | 4/5/6 Credits | 6 Credits | 3 Credits | 2 Credits | 3/4 Credits | |
| | Year | Semester | Own Faculty | Own/ Other Faculty | Own/ Other Faculty | Vocational Skill Enhancement courses (SEC) with summer Internship | Co-curricular ability / Enchantment courses (AEC) | Inter / Intra Faculty related to main subjects | |
| (40) Certificate in Faculty | 1 | I | Th-1(6) or Th-1(4) +Prct. -1(2) | Th-1(6) or Th-1(4) +Prct. -1(2) | 1(6) | 1(3) | 1(2) | | 40 |
| | | II | Th-1(6) or Th-1(4) +Prct. -1(2) | Th-1(6) or Th-1(4) +Prct. -1(2) | | 1(3) | 1(2) | | |
| (40 + 40 =80) Diploma in Faculty | 2 | III | Th-1(6) or Th-1(4) +Prct. -1(2) | Th-1(6) or Th-1(4) +Prct. -1(2) | 1(6) | 1(3) | 1(2) | | 40 |
| | | IV | Th-1(6) or Th-1(4) +Prct. -1(2) | Th-1(6) or Th-1(4) +Prct. -1(2) | | | 1(2) | 1(3) Point 7.1 | |
| (80+40 =120) 3-Year U.G. Degree | 3 | V | Th-2(5) or Th-2(4) +Prct. -1(2) | Th-2(5) or Th-2(4) +Prct. -1(2) | | | | | 40 |
| | | VI | Th-2(5) or Th-2(4) +Prct. -1(2) | Th-2(5) or Th-2(4) +Prct. -1(2) | | | | | |
| FOURTH YEAR | | | | | | | | | |
| Apprentices / Internship embedded UG Degree Programme | 4 | 12 Months Apprenticeship/ Internshhip through NATs or from Equivalent Organizations / Industry/ Institute | | | | 1(40) 1200 Hours | | | 40 |
| OR | | | | | | | | | |
| (120 +40 =160) Four Year UG Degree (Honors) | 4 | VII | Th-5(4) or Th- 4(4) + Pract.-1(4) | | | | | | 40 |
| | | VIII | Th-5(4) or Th- 4(4) + Pract.-1(4) | | | | | | |
| OR | | | | | | | | | |
| (120+40=160) Four Year UG Degree (Honors with Research) | 4 | VII | Th-4(4) or Th-3(4) +Pract.-1(4) | | Students Who secure 75% or More Marks in the First 6 Semesters | | | 1(4) | 40 |
| | | VIII | Th - 4(4) or Th - 3(4) + Pract. - 1(4) | | | | | 1(4) | |

## Uttar Pradesh NEP-2020 UG-PG Course Structure Aligned with FYUGP of UGC

Table -4

(To be in effect from 2026-27 Session)

| Cumulative minimum credits Required for Award of Certificate / Diploma/ Degree | Year | Semester | Subject-1 | Subject-2 | Subject-3 | Vocational Skill Enhancement courses (SEC) with summer Internship | Co-curricular ability / Enchantment courses (AEC) | Research Project/ Dissertation / Internship/ field or Survey Work | Minimum Credits for the Year |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Major (Core) | Major (Core) | Minor (Multidisciplinary) | Minor | Minor | Major | |
| | | | 4/5/6 Credits | 4/5/6 Credits | 6 Credits | 3 Credits | 2 Credits | 3/4 Credits | |
| | | | Own Faculty | Own/ Other Faculty | Own/ Other Faculty | Vocational Skill Enhancement courses (SEC) with summer Internship | Co-curricular ability / Enchantment courses (AEC) | Inter / Intra Faculty related to main subjects | |
| (200) Master in Faculty | 5 | IX | Th-4(4) or Th-3(4) +Prct. -1(4) | | | | | 1(4) | 40 |
| | | X | Th-4(4) or Th-3(4) +Prct. -1(4) | | | | | 1(4) | |
| (216) PGDR in Subject | 6 | XI | Th – 4 (2) | 1(4) Research Methodology | | | | 1(4) | 16 |
| Ph.D in Subject | 6, 7, 8 | | XII-XIV | | | | | Ph.D. Thesis | |

## Uttar Pradesh NEP-2020 UG-PG Course Structure Aligned with FYUGP of UGC

Table -5

(To be in effect from 2026-27Session)

| Cumulative minimum credits Required for Award of Certificate / Diploma/ Degree | Year | Semester | Subject-1 | Subject-2 | Subject-3 | Vocational Skill Enhancement courses (SEC) with summer Internship | Co-curricular ability / Enchantment courses (AEC) | Research Project/ Dissertation / Internship/ field or Survey Work | Minimum Credits for the Year |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Major (Core) | Major (Core) | Minor (Multidisciplinary) | Minor | Minor | Major | |
| | | | 4/5/6 Credits | 4/5/6 Credits | 6 Credits | 3 Credits | 2 Credits | 3/4 Credits | |
| | | | Faculty | Faculty | Other Faculty | Vocational Skill Enhancement courses (SEC) with summer Internship | Co-curricular ability / Enchantment courses (AEC) | Inter / Intra Faculty related to main subjects | |
| (40) Certificate in Faculty | 1 | I | Th-3(4) or Th-2(4) +Prct. -1(4) | | 1(6) | 1(3) | 1(2) | 1(2) | 40 |
| | | II | Th-3(4) or Th-2(4) +Prct. -1(4) | | | 1(3) | 1(2) | 1(2) | |
| (40+40=80) Duploma in Faculty | 2 | III | Th-3(4) or Th-2(4) +Prct. -1(4) | | 1(6) | 1(3) | 1(2) | | 40 |
| | | IV | Th-3(4) or Th-2(4) +Prct. -1(4) | | | | 1(2) | 1(3) Point 7.1 | |
| (80+40=120) 3-Year Single Subject Plain UG Degree | 3 | V | Th-4(4) or Th-3(4) +Prct. -1(4) | | | | | 1(4) | 40 |
| | | VI | Th-4(4) or Th-3(4) +Prct. -1(4) | | | | | 1(4) | |
| OR | | | | | | | | | |
| 80+50=130 3-Year single Subject Honors UG Degree | 3 | V | Th-4(5) or Th-4(4) + Prct. -1(4) | | | | | 1(5) | 50 |
| | | VI | Th-4(5) or Th-4(4) + Prct. -1(4) | | | | | 1(5) | |

**Note : Single subject 3 years UG programme examples: BBA, BCA, BSc(Chemistry), BSc (Biotechnology), BA (Economics) etc...... After both the above programmes (3-year Single Subject Plain or Honours UG Degree) one has to pursue 4th / 5th year of UG/PG programmes as given in Table 1, in the same manner as the one who completes 3 years UG degree of Table 1.**




# बी.कॉम. की कक्षाओं के लिए विषयों का चयन

## Year wise Subject of Faculty of COMMERCE UG (B.Com.)

| Year | SEMESTER | OWN FACULTY | | | | | Other Faulty Subject (Minor) | Co-Corriucular Course Compulsory by University | Vocational Course/ Projcet Compulsory by College |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Major 1 | Major 2 | Major 3 | Major 4 | Practical/Viva | | | |
| I | I | Business Organisation | Business Statesties | Business Lommuni-Latium | - | - | Econimics | Food, Nutrition and Hygiene | Celifacte in Yoga |
| | II | Business Management | Financial Accounting | Business Wconomics | | Computerized Accounting | - | First Aid And Health | Goods And Service Tax (GST) |
| II | III | Company Low | Lost Accounting | Inventory Manage ment | - | - | Econimics | Human values and environmental Studies | Retail Management |
| | IV | Income Tax Law & Acount | Fundamental of markeiting | Fundamental of Entropure usship | - | Digital Marketing | - | Physical Education and Yoga | Not Decided Yet |
| III | V | Corporate Accounting | Goods & Service Tax | Business Finace | Monetry thedry and banking India | - | - | Analytic ability and digital transformation | Treuting Bussery |
| | VI | Accounting for Maragcos | Auditing | Finacial Institsuor And Market | - | Viva | - | Communication skills and personality development | Project |

# B.Sc. (Ag.)

| I Semester | | |
|---|---|---|
| Fundamentals of Agronomy | 3 | AG-101 |
| Fundamentals of Genetics | 3 | AG-102 |
| Fundamentals of Soil Science | 3 | AG-103 |
| Fundamentals of Horticulture | 2 | AG-104 |
| Rural Sociology & Educational Psychology | 2 | AG-105 |
| Introduction to Forestry | 2 | AG-106 |
| Introductory Animal Husbandry | 3 | AG-107 |
| Comprehension & Communication Skills in English | 2 | AG-108 |
| Agricultural Heritage | 1 | AG-109 |
| Introductory Biology/Basic Agriculture- I | 2 | AG-110A /AG-110B |
| Elementary Mathematics/Basic Agriculture-II | 2 | AG-111A /AG-111B |
| NSS/NCC/Physical Education & Yoga Practices | 2 | AG-112A /AG-112B/AG-112C |

| II Semester | | |
|---|---|---|
| Fundamental of Crop Physiology | 3 | AG-201 |
| Fundamentals of Plant Biochemistry | 3 | AG-202 |
| Fundamental of Entomology-I | 3 | AG-203 |
| Fundamental of Agricultural Economics | 2 | AG-204 |
| Principles of Organic Fanning | 2 | AG-205 |
| Fundamentals of Plant Pathology | 4 | AG-206 |
| Production Technology for Vegetables and Spices | 2 | AG-207 |
| Fundamentals of Agricultural Extension Education | 3 | AG-208 |
| Food Processing and Safety Issues | 3 | AG-209 |
| Human Values & Ethics | 1 | AG-210 |

| III Semester | | |
|---|---|---|
| Crop Production Technology – 1 (Kharif crops) | | |
| Practical Crop Production – 1 (Kharif crops) | | |
| Fundamentals of Plant Breeding | | |
| Agricultural Microbiology | | |
| Agricultural Finance and Co-Operation | | |
| Farm Machinery and Power | | |
| Principles of Integrated Disease Management | | |
| Statistical Methods | | |
| Fundamental of Soil and Water Conservation | | |
| Dairy Science | | |
| Fundamentals of Entomology-II | | |

| I V Semester | | |
|---|---|---|
| Crop Production Technology –II (Rabi crops) | | |
| Practical Crop Production-II (Rabi crops) | | |
| Principles of Seed Technology | | |
| Problematic Soils and their Management | | |
| Renewable Energy and Green Technology | | |
| Production Technology for Ornamental Crops, MAP and Landscaping | | |
| Entrepreneurship Development and Business Communication | | |
| Introductory Agro-meteorology & Climate Change | | |
| Agri-Informatics | | |
| Poultry Production & Management | | |

| V Semester | | |
|---|---|---|
| Rainfed and dryland Agriculture | | |
| Crop Improvement-1 (Kharif crops) | | |
| Pests of Crops and Stored Grain and their Management | | |
| Agricultural Marketing Trade & Prices | | |
| Protected Cultivation and Secondary Agriculture | | |
| Diseases of Field and Horticultural Crops and their Management-I | | |
| Production Technology for Fruit and Plantation Crops | | |
| Communication Skills and Personality Development | | |
| Intellectual Property Rights | | |
| Principles of Food Science & Nutrition | | |
| Geo-informatics and Nanotechnology | | |
| Electice- 1 (AGE-51/AGE-52/AGE-53/AGE-54/AGE-55/AGE-56) | | |

| VI Semester | | |
|---|---|---|
| Farming System, Precision Farming & Sustainable Agriculture | | |
| Crop Improvement-II (Rabi crops) | | |
| Manures, Fertilizers and Soil Fertility Management | | |
| Farm Management, Production & Resource Economics | | |
| Diseases of Field and Horticultural Crops and their Management-II | | |
| Post-harvest Management and Value Addition of Fruits and Vegetables | | |
| Watershed and Wasteland Management | | |
| Beneficial insects and Pest of Horticultural Crops and their Management | | |
| Elective-2(AGE-61/AGE-62/AGE-63/AGE-64/AGE-65/AGE-66) | | |
| Educational Tour | | |

Elective Courses : A student can select two elective courses out of the following and offer during 5th and 6th semesters.

| S. N. | Courses | Credit Hours | |
|---|---|---|---|
| 1 | Agribusiness Management | | |
| 2 | Agrochemicals | | |
| 3 | Commercial Plant Breeding | | |
| 4 | Landscaping | | |
| 5 | Food Safety and Standards | | |
| 6 | Biopesticides & Biofertilizers | | |
| 7 | Protected Cultivation | | |
| 8 | Hi-tech. Horticulture | | |
| 9 | Weed Management | | |
| 10 | System Simulation and Agro-advisory | | |
| 11 | Agricultural Journalism | | |
| 12 | Composition cum Duck/(and) Quail/ (and ) Rabbit Culture | | |

## VII Semester

| S. N. | Rural Agricultural Work Experience and Agro-industrial Attachment (RAWE & AIA) | | |
|---|---|---|---|
| | **Activities** | **No. of weeks** | **Credit Hours** |
| 1 | General orientation & O campus training by different faculties | | |
| 2 | Village attachment | | |
| | Unit attachment in Univ./College. KVK/Research Station Attachment | | |
| 3 | Plant clinic | | |
| 4 | Agro-Industrial Attachment | | |
| | Project Report Preparation, Presentation and Evaluation | | |
| Total weeks for RAWE & AIA | | | |

### VIII Semester

**Modules for Skill Development and Entrepreneurship:** A student has to register 20 credits opting for two modules of (0+10) credits each (total 20 credits) from the package of modules in the VIII sem.

| Sr. No. | Title of the module | Credits |
|---|---|---|
| 1 | Production Technology for Bioagents and Biofertilizer | |
| 2 | Seed Production and Technology | |
| 3 | Mushroom Cultivation Technology | |
| 4 | Soil, Plant, Water and Seed Testing | |
| 5 | Commercial Beekeeping | |
| 6 | Poultry Production Technology | |
| 7 | Commercial Horticulture | |
| 8 | Floriculture and Landscaping | |
| 9 | Food Processing | |
| 10 | Agriculture Waste Management | |
| 11 | Organic Production Technology | |
| 12 | Commercial Sericulture | |



बी.पी.एड. विभाग एवं लॉन



बी.एड. विभाग एवं लॉन



बी. टी.सी. विभाग एवं लॉन



इन्टरनेट ऑनलाइन ऑफिस



कालेज वाहन स्टैन्ड





# विद्यार्थी सहायता कोष तथा छात्रवृत्तियाँ

(क) विद्यार्थी सहायता कोष

निर्धन छात्रों की सहायता के लिए विद्यार्थी सहायता कोष की स्थापना की गई है। इस कोष से विद्यार्थियों को निम्नांकित नियमों के अनुसार सहायता मिल सकती है-

(1) निर्धन छात्र/छात्राओं की पुस्तकें, वस्त्रों, औषधियों, फीस की कमी आदि के लिए की जायेगी।

(2) सहायता देते समय विगत वर्ष की परीक्षा परिणामों को भी ध्यान में रखा जायेगा।

(3) परिगणित और अनुसूचित जातियों के छात्र इस योजना के अन्तर्गत नहीं आते हैं।

(4) ऐसे विद्यार्थी जो इस वर्ष महाविद्यालय या सरकार से किसी भी प्रकार की सहायता ले चुके हैं, उन्हें सामान्यतः कोई सहायता नहीं दी जायेगी। भ्रामक सूचना के आधार पर स्वीकृत सहायता तत्काल निरस्त की जा सकती है। विद्यार्थी का उचित पात्र होना आवश्यक है।

(5) अनुशासनहीन विद्यार्थी को सहायता उपलब्ध न हो सकेगी।

(6) सहायता कोष में से दी जाने वाली सहायता राशि अधिकतम छः माह की ट्यूशन फीस के बराबर होगी।



## (ख) छात्रवृत्तियाँ

छात्रवृत्ति आवेदन-पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि उ.प्र. शासन के अनुसार होगी।

### (1)भारत सरकार द्वारा प्रदत्त

(I) अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति

(II) परिगणित जाति छात्रवृत्ति (केवल प्रथम श्रेणी अथवा उत्कृष्ट द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण, छात्रों के लिए)

(III) विकलांग छात्रवृत्ति (केवल डॉक्टरी प्रमाण-पत्र के आधार पर)

### (2) उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त

(1) ऋण छात्रवृत्ति (50 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्रों के लिए)

(2) योग्यता छात्रवृत्ति (विश्वविद्यालय योग्यता क्रम के आधार पर शिक्षा निदेशक द्वारा निर्णीत)।

(3) राष्ट्रीय योग्यता छात्रवृत्ति (केवल अध्यापकों की सन्तान के लिए शिक्षा निदेशक द्वारा निर्णीत।

(4) स्वतंत्रता सेनानी छात्रवृत्ति (कारावास सम्बन्धित प्रमाण-पत्र के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त।

(6) सेना छात्रवृत्ति (सैनिकों की सन्तान के लिए सैनिक निदेशालय द्वारा प्रदत्त)

(7) उत्तर प्रदेश युद्धोपरान्त सेवा छात्रवृत्ति (सैनिकों की सन्तान के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त)।

# विद्यार्थियों द्वारा ध्यान देने तथा पालन करने हेतु विशेष नियम

### (क) आचार संहिता

(1) छात्र–छात्राओं को कक्षाओं में समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है।

(2) महाविद्यालय में छात्र स्वयं को शान्त एवं अनुशासित रखें।

(3) साइकिल स्टैण्ड पर ही वाहन खड़ा करें, कॉलेज के मुख्य द्वार पर अथवा कॉलेज परिसर में अन्यत्र नहीं।

(4) छात्र–छात्राओं की वेश–भूषा स्वच्छ एवं विशिष्ट सूचनाओं के बिन्दु 11 के अनुसार होनी चाहिए।

(5) धूमपान अथवा अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन करना पूर्णतः वर्जित है।

(6) सूचना पट पर ही छात्र सम्बन्धी सूचनाएँ प्रदर्शित की जायेंगी, उनको पढ़ें।

(7) किसी भी दशा में कॉलेज की व्यवस्था भंग न की जाये, कॉलेज की किसी भी सम्पत्ति को किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुँचायी जाये।

(8) छात्र किसी को हड़ताल के लिए प्रेरित नहीं करेंगे और न स्वयं ही हड़ताल में भाग लेंगे।

(9) छात्र कालेज में कोई हैण्डबिल, पेम्लेट आदि न तो वितरित करेंगे और न किसी कार्य हेतु चन्दा एकत्रित कर सकेंगे।

(10) छात्र किसी जाति, धर्म, प्रान्त, राजनीतिक दल आदि के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करेंगे। वे मानवता और मानव–प्रेम के आधार पर ही व्यवहार करेंगें जो राष्ट्रीय एकता के लिए समर्पित रहेंगे।

(11) महाविद्यालय परिसर का कोई भी छात्र पोस्टर चिपकाने तथा लिखने के लिए प्रयोग नहीं कर सकेंगे।

(12) छात्र अपना परिचय–पत्र महाविद्यालय तथा महाविद्यालय के बाहर हर समय अपने साथ रखेंगे तथा किसी अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर उसे प्रस्तुत करेंगे।

(13) खोई हुई वस्तु पाने पर उसे अपने विवरण के साथ तुरन्त कार्यालय प्रभारी के पास जमा कर देंगे।

(14) स्वतन्त्रता दिवस, गणतन्त्र दिवस, युवोत्सव, गाँधी जयन्ती, सुभाष जयन्ती, आतंकवाद विरोधी दिवस पर आयोजित समारोहों में अनिवार्य रूप से छात्र/छात्रायें भाग लेगें।

### (ख) चरित्र प्रमाण–पत्र

(1) चरित्र सम्बन्धी प्रमाण–पत्र प्राप्त करने का अधिकारी केवल वह छात्र है जो महाविद्यालय में न्यूनतम छः माह की अध्ययन अवधि पूर्ण कर चुका है।

(2) छः मास में केवल एक बार ही कोई छात्र चरित्र प्रमाण–पत्र ले सकता है।

(3) नियमतः चरित्र प्रमाण–पत्र अन्तिम बार कालेज छोड़ने के समय टी.सी. के साथ दिया जाता है अतः वाद में नहीं दिया जायेगा ।

### (ग) कार्यालय नियम

छात्र/छात्राओं को सामान्यतः प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक कार्य दिवस में कार्यालय सहायक से निर्धारित काउन्टरों से ही सम्पर्क करने की अनुमति है। इसके पश्चात् अनुमति लेकर ही मिलें।

### (घ) अनुशासन

महाविद्यालय में अनुशासन का कार्य प्राचार्य की देखरेख में प्रॉक्टोरियल बोर्ड द्वारा होता है। महाविद्यालय के अनुशासन नियमों का पालन प्रत्येक छात्र का कर्तव्य है। समिति द्वारा छात्रों को विद्यालय के अतिरिक्त छात्रावास, खेल के मैदान, पुस्तकालय एवं प्रशासनिक भवन तथा शहर में किये गये आचरण पर भी निर्णय और निर्देश दिये जाते हैं।



# डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)



## प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 25.04.2026 द्वारा अनुमोदित प्रवेश नियमावली सत्र 2026-27

यह नियम विश्वविद्यालय अधिनियम परिनियम तथा अध्यादेशों के अधीन ही मान्य होगे तथा आवासीय संस्थानों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में कला, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि, गृह विज्ञान, प्रबन्धन, लाइफ सांईसेज, इंजीनियरिंग, विधि संकायों, शिक्षा एवं ललितकला की कक्षाओं में प्रवेश के लिए लागू होगें। प्रवेश उन्हीं पाठ्यक्रमों/विषयों में दिया जायेगा जिसकी सम्बद्धता विश्वविद्यालय से प्राप्त है और उनका प्राविधान विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली में विद्यमान तथा विश्वविद्यालय से प्रवेश की अनुमति प्राप्त कर ली गयी है।

### आवश्यक निर्देश

1. व्यवसायिक पाठ्यक्रमों यथा बीएससी (एग्रीकल्चर), एमएससी (एग्रीकल्चर), एलएलबी, बीएएलएलबी, एलएलएम, एमएड. बीपीएड, एमएसडब्लू एवं इसके अतिरिक्त जिन पाठ्यक्रमों में आवेदन सीटों से दोगुने अधिक प्राप्त होगें, वहाँ पर प्रवेश, प्रवेश परीक्षा के माध्यम से भी किये जा सकते है।

2. (अ)(i) बीए, बीकॉम, बीएससी, एमए, एमकॉम एवं एमएससी में प्रवेश महाविद्यालय अपने स्तर से लेगा। परन्तु सभी प्रवेश विश्वविद्यालय के **Samarth Admission Portal** के माध्यम से ही किये जायेंगे एवं स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश **Four Year Under Graduate Programme (FYUGP)** के अनुरूप होगें। (जिसका अध्यादेश संलग्न है। संलग्नक-1) तथा बी.बी.ए., बी.सी.ए. एवं अन्य एकल विषय वाले पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश हेतु यही प्रक्रिया लागू की जा सकती है।

(ii) प्रारम्भ में विद्यार्थी का प्रवेश तीन वर्ष की स्नातक डिग्री हेतु होगा। चौथे वर्ष में विद्यार्थी चार वर्ष की स्नातक (मानद), स्नातक (मानद शोध सहित) एवं स्नातक (एप्रेन्टिससिप एम्बेडिड) डिग्री में से किसी एक का चयन कर सकते है।

(iii) विद्यार्थी को प्रवेश के समय बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम. आदि में से किसी एक पाठ्यक्रम/कार्यक्रम का चयन करना होगा और उसे उस पाठ्यक्रम के दो मुख्य (मेजर) विषयों का चयन करना होगा। इसी पाठ्यक्रम में विद्यार्थी को डिग्री मिलेगी। पाठ्यक्रम के चयनित विषयों का अध्ययन यह तीन/चार वर्ष (प्रथम से छठे/अष्ट्म सेमेस्टर) तक कर सकता है।

(iv) स्नातक/परास्नातक स्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों की योग्यता गणना एवं शैक्षिक अभिलेखों का सत्यापन सम्बन्धित आवासीय संस्थान / सम्बद्ध महाविद्यालय स्तर पर किया जायेगा।

(v) सत्र 2026-27 से बी.ए.एल.एल.बी., एल.एल.वी., एल.एल.एम. तथा बी.एड. पाठ्यक्रमों में प्रवेश सेमेस्टर प्रणाली में होगा।

(ब) प्रवेश प्रकिया में समर्थ रजिस्ट्रेशन के समय प्रत्येक विद्यार्थी का **S.R.N.** नम्बर तथा **APPAR** आई.डी. होना आवश्यक है।

3. ऐसे पाठ्यकन जिनकी अनापत्ति /सम्बद्धता विभिन्न **Regulatory Bodies** द्वारा जारी की जाती है, उनमें प्रवेश उनकी गाइडलाइंस के अनुसार किया जायेगा।

4. अभ्यर्थी केवल एक बार ही समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करेगा एवं शुल्क भी एक बार ही जमा होगा। उसी रजिस्ट्रेशन से अभ्यर्थी एक या एक से अधिक **Programme** का चयन कर सकता है। प्रत्येक प्रोग्राम को चयन करने पर उसको प्रोग्राम का **(SRN Samarth Registration Number)** प्राप्त होगा। **Samarth Registration Number** शुल्क स्नातक स्तर के एवं अन्य पाठ्यकमों (जिनकी अर्हता 12वीं कक्षा उत्तीर्ण है) हेतु रु0 400/- तथा परास्नातक एवं अन्य पाठ्यकम (स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त किये जाने वाले पाठ्यकम जैसे एल-एल.बी., बी.पी.एड.. बी.एड., एम एड., एल.एल.एम., आदि) के लिए रु. 500/- होगा।

(२) छात्र द्वारा महाविद्यालय में **Reporting** के समय सभी **Documents** की स्व-प्रमाणित प्रतियों मूल प्रति से सत्यापित लेकर महाविद्यालय में जमा करनी होगी।

(3) सत्र 2026-27 में विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश **Samarth Admission Portal** (समर्थ प्रवेश पोर्टल) के माध्यम से किये जायेंगे, इस सरल प्रणाली के अर्न्तगत अभ्यर्थी सात चरणों कमश:

(1) समर्थ रजिस्ट्रेशन नंबर (2) समर्थ आई.डी. से लॉगिन (3) प्रोफाइल (4) अन्य विवरण / निजी जानकारी (5) फोटो व हस्ताक्षर (6) पाठ्यकम/महाविद्यालय / संस्थान व विषय का चयन/भुगतान करना/फार्म प्रिंट **Online** माध्यम से पूर्ण करके सातवें चरण में जिस आवासीय संस्थान महाविद्यालय को चुनना चाहता है, वह वहाँ प्रवेश के लिए रिपोर्ट करेगा। इस्त ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अभ्यर्थी अपनी अर्हतानुसार कितने भी पाठ्यक्रमों का चयन कर सकता है। छात्र आवासीय संस्थान / सम्बद्ध महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के लिए स्वतंत्र है, जिसके लिए उसे केवल एक बार ही समर्थ रजिस्ट्रेशन नंबर कराना अनिवार्य है। संस्थान / महाविद्यालय केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को प्रवेश दे सकेगें जो **Samarth Admission Portal** की निर्धारित प्रक्रिया को पूर्ण करेगें। इस सम्बन्ध में आवासीय संस्थान / सम्बद्ध महाविद्यालयों को जारी दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध है।

5. आवासीय संस्थान / सम्बद्ध महाविद्यालय द्वारा प्रवेश प्रक्रिया पूर्व की भाँति योग्यता सूची के अनुसार पूर्ण की जायेगी। यथा अभ्यर्थी की रिर्पोटिंग **OTP** द्वारा **Admit** प्रकिया को पूर्ण किया जायेगा। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के बाद प्रत्येक आवासीय संस्थान / सम्बद्ध महाविद्यालय Samarth की **admin Login Id** पर जाकर अभ्यर्थी की सीट **Confirm** भी करेंगे।

6. आवासीय संस्थान/सम्बद्ध महाविद्यालय को प्रवेश प्रक्रिया के Step अलग से प्रदान किये जायेगे। (संलग्नक-2)

## सामान्य निर्देश

1. (अ) (i) प्रत्येक महाविद्यालय अपनी Online/Offline विवरण पुस्तिका "Prospectus" तैयार करायेगा, जिसमे निर्धारित शुल्कों तथा महाविद्यालय सम्बन्धी आवश्यक सूचनाओं का विवरण होगा। सभी कक्षाओं के लिए एक ही विवरण पुस्तिका होगी। सभी पाठ्यक्रम इस पुस्तिका में सम्मिलित किये जायेगें। विवरण पुस्तिका का अधिकतम मूल्य रु. 400/- होगा।

(ii) महाविद्यालयों द्वारा रजिस्ट्रेशन शुल्क रू0 10/- के स्थान पर रू0 25/- लिये जाने की संस्तुति की गयी।

(ब) विवरण पुस्तिका में सत्र 2026-2027 के लिए प्रत्येक कक्षा में निर्धारित सामान्य व आरक्षित सीटों का विवरण प्रकाशित करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कक्षा में शासनादेश के अनुसार 21 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जातियों, 2 प्रतिशत अनुसूचित जनजातियों, 27 प्रतिशत स्थान पिछड़ी जातियों तथा 3 प्रतिशत स्थान दिव्यांगजन के लिए (छात्र के स्वंय से सम्बन्धित वर्ग (कैटेगरी) तथा- श्रवण बाधित, चलन बाधित एवं दृष्टिबाधित के अंतर्गत ही) तथा EWS हेतु स्वीकृति सीटों के आपेक्ष अतिरिक्त रूप से 10 प्रतिशत सीट आरक्षित रहेगी। दिव्यांगजन के लिए जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी का प्रमाण-पत्र ही मान्य होगा। महिला अभ्यर्थियों के लिये प्रत्येक वर्ग में 20 प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेंगें। यदि कश्मीरी छात्रा है तो उसे प्राथमिकता दी जायेगी।

(स) प्रत्येक महाविद्यालय को अपने महाविद्यालय की वेवसाइट तैयार करना अनिवार्य होगा जिस पर इच्छुक अभ्यर्थियों को विवरण पुस्तिका उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। विवरण पुस्तिका में विश्वविद्यालय की वेवसाइट तथा महाविद्यालय की वेवसाइट का उल्लेख करना आवश्यक होगा। प्रवेश प्रक्रिया हेतु प्रत्येक महाविद्यालय को निर्देशित किया जाता है कि वह एक कम्प्यूटर आपरेटर को इस कार्य के लिए अधिकृत करें तथा उसका नाम एवं नम्बर विश्वविद्यालय को प्रेषित करें। इसके अतिरिक्त महाविद्यालयों में इण्टरनेट एवं कम्प्यूटर की व्यवस्था आवश्यक है तथा विश्वविद्यालय को प्रेषित करें। इसके अतिरिक्त महाविद्यालयों में इण्टरनेट एवं कम्प्यूटर की व्यवस्था आवश्यक है तथा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में एक एडमिशन सेंटर होगा। जहाँ से बच्चे को प्रोग्राम पाठ्यक्रम, प्रवेश प्रक्रिया आदि की जानकारी प्रदान की जायेगी तथा फॉर्म भरने में भी उनकी मदद की जायेगी।

(द) यदि कोई विद्यार्थी किसी महाविद्यालय में प्रथम वरीयता में प्रवेश पा जाता है, प्रवेशोपंरात यदि किसी दूसरे महाविद्यालय में प्रवेश पा जाता है और उस महाविद्यालय में प्रवेश लेने का इच्छुक है, तो ऐसी स्थिति में छात्र के द्वारा पूर्व में लिये गये प्रवेश को प्रार्थना पत्र देकर 15 दिवस में रदद् करना होगा तथा महाविद्यालय द्वारा उसे केवल 90 प्रतिशत शुल्क ही वापिस किया जायेगा। यदि कोई विद्यार्थी 01 माह के अंतराल में किसी महाविद्यालय से अपना प्रवेश रदद् कराता है तो उसे केवल 75 प्रतिशत शुल्क महाविद्यालय द्वारा वापिस किया जायेगा।

2. (अ) सत्र 2026-27 के लिए सभी संकायों में प्रथम वर्ष/सेमिस्टर में ही प्रवेश दिये जायेगें तथा रू0 300/- नामांकन शुल्क व रू0 300/- उपाधि शुल्क भी छात्र द्वारा देय होगा। इसके अतिरिक्त प्रवेश के समय रू0 50/- सांस्कृतिक शुल्क, रू0 100/- क्रीड़ा शुल्क व रू0 100/- Incubation सुविधा/ ICT सुविधा शुल्क भी प्रथम वर्ष में छात्र द्वारा देय होगा। जो कि विश्वविद्यालय को महाविद्यालय द्वारा दिया जायेगा। उसी अनुपात में महाविद्यालय अपने उपयोग हेतु इन शुल्कों को प्रवेश शुल्क के साथ लेगें। नामांकन शुल्क एवं उपाधि शुल्क को छोड़कर अन्य शुल्क महाविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष लिये जायेगें।

(ब) एलएलएम पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विधि स्नातक सामान्य श्रेणी एवम् अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों द्वारा 55 प्रतिशत अंकों एवम् अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों द्वारा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया गया हो।

<u>नोटः- सांस्कृतिक शुल्क, क्रीड़ा शुल्क तथा Incubation सुविधा/ICT सुविधा शुल्क प्रतिवर्ष देय होगा। महाविद्यालय में Incubation सुविधा/ICT सुविधा शुल्क का एकाउंट प्राचार्य द्वारा संचालित किया जाना समीचीन होगा।</u>

(स) यदि कोई भी अभ्यर्थी स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम (FYUP के अन्तर्गत) में प्रवेश लेने के प्रथम वर्ष बाद या द्वितीय वर्ष बाद पाठ्यक्रम को छोड़ता है तो उसको एन0ई0पी0-2020 के अनुरूप सर्टिफिकेट या डिप्लोमा प्रदान किया जायेगा। इसके उपरांत यदि वह अभ्यर्थी पुनः अपने पाठ्यक्रम को उपाधि हेतु पूर्ण करना चाहता है तो उसको पुनः SRN (Samarth Registration Number) प्राप्त करना होगा एवं पुनः प्रवेश के समय उपाधि के लिए रू0 300/- का शुल्क जमा करना होगा। यदि वह अभ्यर्थी डिप्लोमा या सटिर्फिकेट लेने के बाद किसी अन्य विश्वविद्यालय से किसी अन्य पाठ्यक्रम को करने के बाद पुनः अपनी उपाधि को पूर्ण करना चाहता है तो उसको विश्वविद्यालय से पुनः SRN (Samarth Registration Number) प्राप्त करना होगा एवं इसको पुनः नामांकरन शुल्क व अन्य शुल्क प्रवेश के समय जमा करने होगें।

(द) (i) बीएएलएलबी पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु किसी भी वर्ग में 10+2 (इण्टरमीडिएट) सामान्य श्रेणी के छात्रों के लिए 45 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग 442 प्रतिशत एवम् अनुसूचित जाति के छात्रों द्वारा 40 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण किया गया हो।

(ii) यदि किसी छात्र द्वारा हाईस्कूल के पश्चात् 03 वर्ष का प्रोद्योगिकी में डिप्लोमा अथवा इसके समतुल्य कोई और डिप्लोमा किया गया हो, जिसे इण्टरमीडिएट के समकक्ष माना जाये। ऐसे छात्रों को बीएएलएलबी में न्यूनतम अर्हता के समतुल्य माना जायेगा।

(iii) एलएलबी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु किसी भी वर्ग में स्नातक सामान्य श्रेणी के छात्रों द्वारा 45 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग 42 प्रतिशत एवम् अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों द्वारा 40 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण किया गया हो।

(य) बी0पी0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु छात्र द्वारा किसी भी वर्ग में स्नातक 45 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण किया गया हो तथा राज्य स्तरीय खेलकूद प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया हो अथवा बीपीईएस 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया गया हो।

